# लगन तुमसे लगा बैठे जो होगा देखा जाएगा

लगन तुमसे लगा बैठे जो होगा देखा जाएगा ।
तुम्हे अपने बना बैठे, जो होगा देखा जाएगा ॥

कभी दुनिया से डरते थे, के छुप छुप याद करते थे ।
लो अब परदा उठा बैठे, जो होगा देखा जाएगा ॥

कभी यह ख्याल था दुनिया हमें बदनाम कर देगी ।
शर्म अब बेच खा बैठे, जो होगा देखा जाएगा ॥

दीवाने बन गए तेरे तो फिर दुनिया से क्या मतलब ।
तेरी गालिओ में आ बैठे, जो होगा देखा जाएगा ॥

**स्वर** : चित्र विचित्र

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/338/title/lagan-tumse-laga-baithe-jo-hoga-dekha-jaayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |